"हर काम देश के नाम"
**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-11001
**Office of the Controller General of Defence Accounts**
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010
दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

**(राजभाषा अनुभाग)**

सं055018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./31 दिनांक : 23 सितम्बर, 2024

विषय : रक्षा लेखा विभाग मुख्यालय, कार्यालय की दिनांक 09 सितम्बर, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

*********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 09 सितम्बर, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त इस अनुरोध से भेजा जा रहा है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/राजभाषा अनुभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोपरि

(नीरज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)

1. निदेशक (राजभाषा) रक्षा मंत्रालय, कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
2. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
3. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
4. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
5. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. आदेश फाइल।

"हर काम देश के नाम"

**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

विकसित भारत अभियान

Office of the Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

**(राजभाषा अनुभाग)**

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09 सितंबर, 2024 को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही की बैठक 09 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे श्रीमती देविका रघुवंशी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. मयंक शर्मा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 2. | श्री सतीश श्रीकृष्ण पेन्ढारकर | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 3. | श्री राज कुमार अरोड़ा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 4. | श्रीमती मौशुमी रूद्र | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 5. | श्री विपिन कुमार गुप्ता | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 6. | श्री रोज़ी अग्रवाल | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 7. | श्री संदीप सरकार | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8. | डॉ. श्रीमती शिवाली मल्होत्रा चौहान | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 9. | श्री विवेक बी. उमप | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 10. | श्रीमती मौली सेनगुप्ता | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 11. | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 12. | श्री रूचिर मित्तल | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 13. | श्रीमती मुग्धा कौर जग्गी | रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक |
| 14. | श्रीमती नवप्रीत कौर | रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक |
| 15. | श्री सुशील रियाड़ | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 16. | श्री राजेश कालिया | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17. | श्री प्रदीप कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18. | श्री घनश्याम शुक्ला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 19. | श्री मनमोहन सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 20. | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 21. | श्री फाल्गुनी मंडल | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 22. | श्री राजेश छाबड़ा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | श्री सुजीत कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 24. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 25. | श्री नीरज कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा) |
| 26. | श्रीमती काकोली दत्ता | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 27. | श्रीमती वॉयलेट खैलख़ो | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 28. | श्री रवि कुमार | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 29. | श्री गौरव सिंह चौहान | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 30. | श्रीमती प्रज्ञा कुमारी | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : <u>दिनांक 27 जून, 2024 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u>**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 27 जून, 2024 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी संबंधित सदस्यों/ अनुभागों को जारी कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई</u>**

(i) मुख्यालय में तैनात 34 आशुलिपिकों में से 15 आशुलिपिकों को ही हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है। 02 आशुलिपिकों को अगस्त, 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि अगस्त सत्र से कार्यालय के 02 आशुलिपिकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई तथा निदेश दिए कि दिसम्बर में अगले सत्र के लिए शेष आशुलिपिकों को क्रमवार नामित किया जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-IV एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) मुख्यालय में तैनात 23 लिपिकों में से 08 लिपिकों को ही हिंदी टंकण का ज्ञान है और वर्तमान में प्रशिक्षणरत 02 लिपिकों में से 01 लिपिक उत्तीर्ण हुए हैं। फरवरी, 2024 से शुरु होने वाले सत्र के लिए 05 लिपिकों को नामित किया गया था लेकिन केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट ना मिलने के कारण उन्हें अगले सत्र में पुनः नामित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को भी भविष्य में क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को यह निदेश दिए थे कि प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक लें और कहा कि भविष्य में प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को क्रमवार नामित किया जाए।

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन के पश्चात अगस्त सत्र से कार्यालय के 06 लिपिकों को राजभाषा अनुभाग (स्थानीय) में हिंदी टंकण का

प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसे सभी प्रशिक्षणार्थी गंभीरता पूर्वक ले रहे हैं। प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को भी दिसम्बर में अगले सत्र के लिए क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) स्थानीय अनुभागों के राजभाषा निरीक्षण के दौरान तत्संबंधी अनुपालन की समीक्षा की गई एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु संबंधित अनुभागों को पत्र जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिन अनुभागों ने अपने मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए उपलब्ध कराए थे उन सबको द्विभाषी रुप में बनाकर अनुभागों को दे दिया गया था।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर संतोष व्यक्त किया और साथ ही यह निर्देश भी दिया कि जिन अनुभागों ने अपने मानक मसौदे द्विभाषी नहीं कराए हैं वे सभी शीघ्र ही अपने मानक मसौदे राजभाषा अनुभाग से द्विभाषी कराएं।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि जिन अनुभागों से मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए प्राप्त हुए थे उन सभी को द्विभाषी करके संबंधित अनुभागों को दे दिए गए थे। इसी क्रम में दिनांक 06 अगस्त, 2024 एवं 28 अगस्त, 2024 को सभी अनुभागों को पत्र प्रेषित कर दिया गया था। किंतु इस दौरान किसी भी अनुभाग से कोई प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में सभी अनुभागों को अनुस्मारक भी जारी किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने निदेश दिए कि इस संबंध में अभी और कार्य करने की जरुरत है और सभी अनुभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी मानक मसौदे द्विभाषी हैं।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय) एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) सहायक निदेशक (राजभाषा) के रिक्त पदों पर प्रोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के बाद शेष 'मानित समाप्त' (deemed abolished) पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) हेतु शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर निदेश दिए थे कि प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के उपरांत शेष पदों के पुनः प्रवर्तन के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाए।

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पदोन्नति द्वारा सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले 04 पदों के लिए अनुवीक्षण समिति (screening committee) द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु रक्षा मंत्रालय को भेजी गई है।

अध्यक्ष महोदया ने निदेश दिए कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के 04 पदों को आवश्यकतानुसार रक्षा मंत्रालय में अतिशीघ्र संपर्क करें तथा अगली तिमाही तक रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए। तत्पश्चात मानित समाप्त (deemed abolished) 24 पदों के पुनः प्रवर्तन की प्रक्रिया की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II, VIII एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: <u>मार्च, 2024 तथा जून, 2024 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा</u>**

सदस्य सचिव ने मार्च, 2024 तथा जून, 2024 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि सभी अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करना सुनिश्चित करें ताकि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| पद का नाम | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 09 | 28 (04 रिक्त, 24 मानित समाप्त ) |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 32 | 03 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 53 | 17 |

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि:-

(i) प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले सहायक निदेशक (राजभाषा) के 04 पदों की फाइल रक्षा मंत्रालय में प्रक्रियाधीन है।

(ii) 03 वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया की जा रही है तथा इस पदोन्नति प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

(iii) इस वर्ष होने वाली भर्ती के लिए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के रिक्त पदों की सूचना कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गई है।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर संतोष जताया गया।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II, प्रशासन-VIII एवं प्रशासन-XI (स्थानीय)]**

**मद सं 5 : राजभाषा संबंधी निरीक्षण**

**(क) मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

समिति को अवगत कराया गया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 के अनुसार इस वर्ष मुख्यालय द्वारा 11 अपेक्षित अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना है। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरांत 11 में से निम्नलिखित 03 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है एवं तत्संबंधी निरीक्षण रिपोर्टें संबंधित कार्यालयों को उनकी अनुवर्ती कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।

| **क्र.सं.** | **कार्यालय का नाम** | **निरीक्षण की तारीख** |
|---|---|---|
| 1 | र.ले.नि.(अ. एवं वि.), बेंगलूरु | 14-15 मई, 2024 |
| 2 | र.ले.प्र.नि, बेंगलूरु | 16-17 मई, 2024 |
| 3 | र.ले.नि. चेन्नई | 18-19 जुलाई, 2024 |

शेष अनुमोदित कार्यालयों का निरीक्षण भी यथासमय कर लिया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या 6: <u>हिंदी पखवाड़ा पर चर्चा-</u>**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सितम्बर माह में हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसका शुभारम्भ दिनांक 17 सितम्बर, 2024 को एवं समापन दिनांक 27 सितम्बर, 2024 को माननीय रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदया द्वारा किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर संतोष जताया गया।

**मद संख्या 7: <u>ई-पत्रिका पर चर्चा</u>**

महानियंत्रक कार्यालय की गृह - पत्रिका "रक्षा लेखा भारती" 2015 के बाद पहली बार मुद्रित रूप (physical फॉर्म) में आ रही है जिसका विमोचन हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के दौरान किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर संतोष जताया गया।

**मद संख्या 8: <u>अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय</u>**

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से निम्नलिखित मदों पर चर्चा की गई :-

(i) अपर महानियंत्रक महोदय (श्री राजकुमार अरोड़ा) द्वारा सुझाव प्रस्तुत किया गया कि मुख्यालय कार्यालय के राजभाषा निरीक्षण दल द्वारा जब अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाए, उस दौरान एक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया जाए ताकि राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में आ रही कमियों को दूर किया जा सके एवं वहां कार्यरत कार्मिक हिंदी के प्रयोग के प्रति सहज महसूस करें।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर सहमति जताई गई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) बैठक में सुझाव प्रस्तुत किया गया कि मुख्यालय कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा अन्य निरीक्षण कार्यक्रमों के साथ ही राजभाषा निरीक्षण कार्यक्रम भी बनाना चाहिए ताकि सभी निरीक्षण एक साथ एक समूह में पूर्ण हो सकें।

इस पर महानियंत्रक महोदया ने समिति को अवगत कराया कि अन्य निरीक्षण कार्यक्रमों के साथ राजभाषा निरीक्षण कार्यक्रम को क्रियान्वित करने पर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः राजभाषा कार्यान्वयन के हितों को ध्यान में रखते हुए राजभाषा संवर्ग द्वारा राजभाषा निरीक्षण कार्यक्रम को अलग ही किया जाए।

**[कार्रवाई : सभी अधीनस्थ कार्यालय एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) अपर महानियंत्रक महोदय (श्री राजकुमार अरोड़ा) द्वारा सुझाव प्रस्तुत किया गया कि अधीनस्थ कार्यालय को राजभाषा के निरीक्षण के संबंध में परिपत्र जारी किया जा सकता है कि जब वे अपने संगठन के अधीन न्यूनतम 25% कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण करें तब इसे एक साथ न करके तिमाही आधार पर खंडों में किया जाए ताकि राजभाषा निरीक्षण दल एवं सभी संबंधित कार्यालय अतिसक्रिय रूप से हिंदी के क्रियान्वयन में भाग ले सकें। अधीनस्थ कार्यालय त्रैमासिक आधार पर निरीक्षण लक्ष्यों से मुख्यालय कार्यालय को अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय द्वारा किए गए राजभाषा निरीक्षण की अनुवर्ती कार्रवाई से सक्षम प्राधिकारी को अवगत कराया जाए।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर सहमति जताई गई।

**[कार्रवाई : सभी अधीनस्थ कार्यालय एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (डॉ. मयंक शर्मा) ने सुझाव दिया कि पे-स्लिप को द्विभाषी रूप में जारी किया जा सकता है तथा रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (श्री राजकुमार अरोड़ा) ने सुझाव दिया कि ट्यूलिप में कार्यालय आदेश भाग-2 को नियमतः द्विभाषी रूप में जारी किया जाना चाहिए। छुट्टी को मंजूर करने की कार्यविधि को केवल अंग्रेजी में जारी किया जाता है जिसे द्विभाषी रुप में किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदया ने रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी. विंग) को इस संबंध में अगली तिमाही बैठक तक आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिए। साथ ही निदेश दिए कि स्पर्श एवं शिकायत (ग्रिवांसेज) से संबंधित ई-मेल की पावती ई-मेल द्वारा हिंदी में दी जाए ताकि हिंदी पत्राचार में वद्धि हो।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय)]**

(v) रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (श्री राजकुमार अरोड़ा) ने सुझाव दिया कि ई-ऑफिस में प्रस्तुत कार्यालय टिप्पणियों में दी जाने वाली अभ्युक्तियों को हिंदी में उपलब्ध कराया जाए ताकि उनका प्रयोग किया जा सके।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में अगली तिमाही बैठक से पूर्व कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय) एवं रक्षा लेखा विभाग के सभी कार्यालय]**

(vi) समिति में सुझाव दिया गया कि वर्तमान में ई-ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम अंग्रेजी में लिखे जाते हैं जो कि हिंदी में भी लिखे जा सकते हैं जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु आदेश दिए कि एक निर्धारित समय सीमा अर्थात अगली तिमाही तक ई-ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम हिंदी में भी प्रदर्शित हों।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय) एवं रक्षा लेखा विभाग के सभी कार्यालय]**

(vii) रक्षा लेखा वरि. संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.) ने बैठक में सूचित किया कि रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय नराकास के स्तर पर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों की श्रेणी में है।

अध्यक्ष महोदया ने इसकी सराहना करते हुए इसे बनाए रखने के निदेश दिए।

(viii) सदस्य सचिव द्वारा बैठक में सूचित किया गया कि लंबे समय से प्रतिक्षित रक्षा लेखा विभाग के 12 कार्यालय इस तिमाही में राजभाषा नियम 10(4) के तहत अधिसूचित किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया।

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(नीरज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)